केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली-110032

फा.सं.सी. 27014/05/2012-हिन्दी
385

दिनांक: 02.01.2020

परिपत्र

विषय : अखिल भारतीय राजभाषा वैज्ञानिक संगोष्ठी 2019 का आयोजन।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, रक्षा भू-भाग अनुसंधान प्रयोगशाला, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, मेटकॉफ भवन, दिल्ली-110054 के द्वारा दिनांक 27-28 फरवरी, 20**20** को **अखिल भारतीय राजभाषा वैज्ञानिक संगोष्ठी 2019 का आयोजन** किया जा रहा है जिसके अंतर्गत कुछ चयनित विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों में लिखित **शोधपत्र/आलेख** आमंत्रित किए गए हैं, जो निम्नलिखित विषयों पर भेजे जाने अपेक्षित हैं:

1. मुख्य विषय : रक्षा अनुसंधान: उपलब्धियाँ एवं चुनौतियाँ
2. उप-विषय :
   - मानव संसाधन
   - बीजलेखन/कूटलेखन (क्रिप्टोग्राफी)
   - सुदूर संवेदी तकनीक (Remote sensing Technique)
   - लेजर तकनीक
   - पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण
   - आपदा प्रबंधन
   - संबद्ध प्रयोगशालाओं से संबंधित शोध विषय

02. इसके अतिरिक्त इस संगोष्ठी में प्रत्येक सत्र की सर्वोतम प्रस्तुति को पुरस्कृत भी किया जाएगा। शोधपत्र/आलेख संबंधित प्राधिकारी के पास अधिकतम 10 जनवरी, 2020 तक प्रेषित किए जाने अपेक्षित हैं।

03. केंद्रीय बोर्ड के सभी इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि अपने शोधपत्र/आलेख दिनांक **06/01/2020** तक यूनिकोड फॉट में टंकित (एमएमएस वर्ड फार्मेट में) राजभाषा प्रभाग के ई-मेल **rajbhasha.cpcb@gmail.com** पर प्रेषित करें ताकि इस संबंध में आगामी आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

(अवधेश तिवारी)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

वितरण:

1. सभी प्रभाग/अनुभाग प्रभारी - कृपया इसे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालित करें।
2. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - कृपया इसे केन्द्रीय बोर्ड के इंट्रा पोर्टल पर अपलोड करें।
3. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड के निजी सचिव - कृपया सादर सूचनार्थ
4. सदस्य सचिव के निजी सचिव
5. सभी सूचना पट्ट - कृपया सादर सूचनार्थ
6. रा.भा. प्रभाग की संबंधित फाइल